
## महत्वपूर्ण एवं खास

### छत्तीसगढ़ के शिमला में 10 डिग्री सेल्सियस पहुंचा पारा, राजधानी में बढ़ेगी ठंड



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में दिवाली के बाद तेजी से पारा गिरता जा रहा है. छत्तीसगढ़ के शिमला कहे जाने वाले अंबिकापुर में पारा 10 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है. वातावरण में नमी की मात्रा घटने तथा उत्तर से आने वाली शुष्क हवाओं के कारण अगले तीन दिनों में राजधानी में तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आने की संभावना है. फिलहाल, रायपुर, जगदलपुर में अन्य संभागों से न्यूनतम तापमान अधिक है. राजधानी में दिवाली के बाद ठंड का अहसास हो रहा है, लेकिन मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में अभी तक अच्छी ठंड नहीं पड़ रही है. उत्तर छत्तीसगढ़ में रात में अब ठिठुराने वाली ठंड पड़ रही है. अम्बिकापुर में पारा 10 डिग्री तक गिर गया है. मौसम विभाग की माने तो छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में अगले तीन दिनों में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आ सकती है. राजधानी रायपुर में भी आने वाले दिनों में पारा गिरने की संभावना है. पश्चिमी विक्षोभ के नहीं गुजरने से फिलहाल, सप्ताहभर बदली- बारिश की संभावना भी कम है. मौसम विभाग का कहना है कि वातावरण में नमी होने की वजह से सुबह के समय कोहरा छाने की संभावना है. विजिबिलिटी हजार मीटर से पंद्रह सौ मीटर तक बनी रह सकती है. अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान- रायपुर में अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री सेल्सियस, बिलासपुर में 29.8 डिग्री सेल्सियस, पेंड्रारोड में 28.4 डिग्री सेल्सियस, अम्बिकापुर में 27.5 डिग्री सेल्सियस, जगदलपुर में 30.2 डिग्री सेल्सियस, दुर्ग में 31.8 डिग्री सेल्सियस एवं राजनांदगांव में 30.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. रायपुर में न्यूनतम तापमान 17.1 डिग्री सेल्सियस, बिलासपुर में 15.9 डिग्री सेल्सियस, पेंड्रारोड में 12 डिग्री सेल्सियस, अम्बिकापुर में 10.1 डिग्री सेल्सियस, जगदलपुर में 17.6 डिग्री सेल्सियस और दुर्ग में 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

### आरक्षक भर्ती : 23 तक अभ्यर्थियों की होगी शारीरिक दक्षता परीक्षा

**राजनांदगांव-रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन एवं पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार जिला राजनांदगांव, कबीरधाम, मोहला-मानपुर-अं.चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई एवं पी.टी.एस. राजनांदगांव के रिक्त पदों के लिए आरक्षक भर्ती प्रक्रिया 8वीं वाहिनी भारत रक्षित प्रांगण/मैदान में आयोजित की गई है जिसमें आरक्षक भर्ती प्रकिया की शरीरिक दक्षता टेस्ट दिनांक 16.11.2024 से दिनांक 23.12.2024 तक निर्धारित शेड्यूल के मुताबिक चल रही है जिसमें 65539 अभ्यार्थि इस भर्ती प्रक्रिया में शामिलित होंगे जिसके लिए जिला बल एवं सी.ए.एफ. के 200 से अधिक पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। आरक्षक भर्ती प्रकिया की शरीरिक दक्षता टेस्ट प्रारंभ होने के पूर्व पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के द्वारा भर्ती प्रकिया स्थल का निरीक्षण किया गया एवं ड्यूटी में तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों को ब्रीफ किया गया। उनके द्वारा जवानों को बताया गया कि यह भर्ती निश्पक्ष एवं पारदर्शिता से होनी है जिसके लिए इवेंट में इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस का उपयोग किया जा रहा है साथ ही फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी भी कराया जा रहा है। अपील :- जनता से अपील है कि आरक्षक भर्ती प्रक्रिया निश्पक्ष और पादर्शिता से हो रहा है। पुलिस भर्ती के नाम पर किसी को रूपये ना दें और कोई भर्ती कराने के लिए रूपये की मांग करता है तो तत्काल पुलिस कन्ट्रोलरूम या अपने नजदीकी पुलिस थाना/चौकी को सूचना देवें।

# ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी को 3 करोड़ रुपए, रजत पदक विजेता को 2 करोड़ व कांस्य पदक विजेता को दी जाएगी 1 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि

- -खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने छत्तीसगढ़ सरकार प्रतिबद्ध - मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय
- -मुख्यमंत्री साय सीएम ट्राफी इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन स्पर्धा 2024 के समापन समारोह में हुए शामिल

**रायपुर । आरएनएस**



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के मोवा स्थित आई स्पोर्टज़ बैडमिंटन अरीना में आयोजित सीएम ट्राफी इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन स्पर्धा 2024 के समापन समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। खिलाडिय़ों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं और बेहतर खेल अधो-संरचनाएं विकसित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी को 3 करोड़ रुपए, रजत पदक विजेता को 2 करोड़ व कांस्य पदक विजेता को एक करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री साय ने सीएम ट्राफी इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन स्पर्धा 2024 के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि छत्तीसगढ़ में बैडमिंटन का यह टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 10 देशों के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं है, बल्कि यह एकता, अनुशासन और समर्पण का प्रतीक है। यह युवाओं को सकारात्मक और ऊर्जावान बनाता है। भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है। छत्तीसगढ़ में हम लगातार खेलों को आगे बढ़ा रहे हैं। हमारे राज्य में अनेक प्रतिभावान खिलाड़ी हैं। भारत सरकार की खेलो-इंडिया योजना को भी हम छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में लागू कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी मुझे अवसर मिलता है। मैं खिलाडिय़ों से बातचीत करके उनकी अपेक्षाओं को जानने समझने का प्रयास करता हूं। उनकी उपलब्धियों के लिए उन्हें प्रोत्साहित करता हूं। कल ही मैंने धमतरी की बैडमिंटन खिलाड़ी रीतिका ध्रुव से वीडियो कॉल पर बात करके राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें मिली उपलब्धियों के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि रीतिका ने मुझे बताया कि उनके पिता जीवन-यापन के लिए मजदूरी करते हैं और मां आंगनवाड़ी सहायिका हैं। संघर्षों के बावजूद रीतिका ने बैडमिंटन में शानदार प्रदर्शन किया है। मैंने रितिका को आश्वस्त किया कि आप खूब आगे बढिय़े और अपने माता-पिता के साथ-साथ पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करिये। हम आपका पूरा सहयोग करेंगे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इसी तरह कुछ दिन पहले भी छत्तीसगढ़ की एक पर्वतारोही बिटिया निशा से मैंने फोन पर बात की। निशा पूर्वी-अफ्रीकी देश तंजनिया का किलीमंजारों पर्वत फतह करना चाहती है। वह माउंट एवेरेस्ट भी फतह करना चाहती है। उसके पिता रिक्शा-चालक हैं। मुझे पता चला कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने की वजह से वह बेटी पर्वतारोहण के लिए नहीं जा पा रही है। मैंने उसे सरकार की ओर से सभी तरह के सहयोग का भरोसा दिया और कल मैंने पौने चार लाख की राशि निशा बेटी के लिए स्वीकृत कर दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। बैडमिंटन के क्षेत्र में खिलाड़ी आगे बढ़ें इसके लिए भी हम सभी सुविधाएं देंगे। मुख्यमंत्री ने मेंस डबल्स विजेता हरिहरन व रुबन कुमार को बधाई दी। उन्होंने सीएम ट्राफी इंडिया इंटरनेशनल चौलेंज बैडमिंटन स्पर्धा 2024 के सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को भी बधाई दी। मुख्यमंत्री ने विदेश से आए खिलाडिय़ों और उनकी टीम के सभी सदस्यों का छत्तीसगढ़ में स्वागत किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष विक्रम सिसोदिया, महासचिव संजय मिश्रा, राकेश शेखर, गौतम महंता सहित बैडमिंटन संघ के पदाधिकारीगण, खिलाड़ी व बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित थे।

## कार से पुलिस ने बरामद किया 103 किलोग्राम गांजा, जब्त गांजा की कीमत 16.50 लाख

**रायपुर । आरएनएस**



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें समस्त थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। नारकोटिक्स एक्ट पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु विशेष टीम का गठन किया गया है साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को नशे की सामाग्री बिक्री करने वालों एवं सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में दिनांक 17.11.2024 को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट अंतर्गत गठित नारकोटिक सेल की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति चारपहिया वाहन में गांजा रखा है तथा रायपुर होते हुए दुर्ग जा रहा है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम डी.आर. पोर्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल, नगर पुलिस अधीक्षक आजाद चौक अमन झा (भापुसे) तथा उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी आमानाका को आरोपी को गांजा के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा थाना आमानाका पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा नदंनवन रोड चंदनडीह चावडा बाग के सामने नाकाबंदी किया गया। मुखबीर द्वारा बताये चारपहिया वाहन को आता देख टीम के सदस्यों द्वारा चारपहिया वाहन को रोकवाया गया। चारपहिया वाहन में एक व्यक्ति सवार था, पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम तुलसी राम साहू निवासी दुर्ग का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा वाहन की तलाशी लेने पर चारपहिया वाहन की डिक्की में गांजा रखा होना पाया गया।

जिस पर आरोपी तुलसी राम साहू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 103 किलो गांजा तथा गांजा तस्करी में प्रयुक्त चारपहिया वाहन आई 20 क्रमांक सी/04/ एलटी/0770 जुमला कीमती लगभग 16,50,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना आमानाका में अपराध क्रमांक 405/24 धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंबद्ध कर कार्यवाही किया गया है। गिरफ्तार आरोपी- तुलसी राम साहू पिता स्व खेदुराम साहु उम्र 51 साल निवासी सांईनगर बघेरा वार्ड क्रमाक 55 थाना पुलगांव जिला दुर्ग। कार्यवाही में निरीक्षक सुनील दास थाना प्रभारी आमानाका, एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट से उपनिरीक्षक मुकेश सोरी, सउनि मंगलेश्वर सिंह परिहार, शंकर धुरव, प्र.आर. महेन्द्र राजपूत, आशीष त्रिवेदी, जसवंत सोनी, रविकांत पाण्डेय, आर. राकेश पाण्डेय, विकास शर्मा, वीरेन्द्र बहादुर, विकास क्षत्री, अविनाश देवांगन, आशीष राजपूत, लालेश नायक एवं थाना आमानाका से उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह पैकरा, प्र.आर. संजय सिंह तथा आर. दीपक पाण्डेय की महत्वपूर्ण भूमिंका रहीं।

## बाल दिवस पर राष्ट्रपति से मिले कोरबा के स्कूली बच्चे

**कोरबा । आरएनएस**

बाल दिवस पर देश भर के चयनित 100 बच्चों में से छत्तीसगढ़ के चार बच्चे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले। इससमें छत्तीसगढ़ चार बच्चे भी शामिल थे। उन्होंने बच्चों से नाम और एम पूछा। बच्चों से मिलकर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा छत्तीसगढिया सबले बढिया।

बच्चों ने बताया कि राष्ट्रपति जितने बड़े पद पर हैं, उतनी ही सौम्य और मिलनसार भी हैं। उनसे मिलना हमारे लिए एक गौरव था। हमने पूरा राष्ट्रपति भवन देखा और वहां का म्यूजियम देखकर बहुत कुछ सीखा। आजादी के बाद से अब तक हुए सभी राष्ट्रपति के द्वारा उपयोग आने वाले सामान म्यूजियम में मौजूद हैं।

यहां तक की कपड़े से लेकर उनके वाहन भी म्यूजियम में सुरक्षित हैं। न उन्हें देखकर बच्चे सहित सभी वर्ग के लोग रोमांचित होते हैं। राष्ट्रपति से मिलने वाले बच्चों में श्रेया अग्रवाल- कक्षा 7 वीं, रम्या बरेठ कक्षा- 7 वीं, रोहन गिड्डे कक्षा 6 वीं, आविक सिंह। कक्षा दूसरी, शामिल है। चारों बच्चे डीडीएम स्कूल के छात्र हैं। बच्चों के साथ विद्यालय के डायरेक्टर अमर नारायण सिंह एवं प्राचार्य एसएन जेम्स भी साथ में गए हुए थे। कोरबा वापस आने पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल से मिलने बच्चे उनके कार्यालय पहुंचे।

## सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में पहले दिन हुई लगभग 1500 क्विंटल धान खरीदी

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



छत्तीसगढ़ शासन और कलेक्टर धर्मेश साहू के आदेश पर 14 नवंबर को धान खरीदी की प्रारंभ की गई, जिसमें जिला खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह ने बताया कि जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में कुल पंजीकृत किसानों की संख्या 89442 है, जिसमें 43 किसानों ने 1485 क्विंटल लगभग (1500) धान विक्रय किये है। 4 किसानों के द्वारा बिलाईगढ़ में धान खरीदी केंद्र में 159 क्विंटल 60 किलो मोटा धान विक्रय किया गया, वहीं भटगांव में 13 किसानों के द्वारा 288 क्विंटल धान मोटा और 152 क्विंटल 40 किलो धान सरना विक्रय किया गया है। सरसीवा धान खरीदी केंद्र में 23 किसानों के द्वारा मोटा धान 329 क्विंटल 20 किलो वहीं सरना धान 351क्विंटल 20 किलो विक्रय किया गया वहीं सारंगढ़ के तीन किसानों के द्वारा 178 क्विंटल धान मोटा का विक्रय किया गया।

जिला खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह ने बताया कि कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देश पर धान खरीदी केंद्रों में तौल हेतु इलेक्ट्रॉनिक कांटा बांट, बारदाना, किसानों के लिए बैठक एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। धान उपार्जन केंद्रों में शिकायत एवं निवारण के लिए हेल्पलाइन नंबर भी चस्पा कर दिए गए हैं।

## बाघ के बाद तेंदुए की संदिग्ध मौत, वन्य जीवों की मौत से सवालों के कटघरे में गुरु घासीदास नेशनल पार्क प्रबंधन

**कोरिया (बैकुंठपुर) । आरएनएस**



गुरु घासीदास नेशनल पार्क एरिया में वन्य जीवों की मौत का सिलसिला जारी है. बाघ की मौत का मामला अब तक सुलझा नहीं है कि तेंदुए की मौत का नया मामला सामने आ गया. इस घटना ने वन विभाग की कार्यप्रणाली और उसकी तत्परता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान बैकुण्ठपुर के संचालक ने तेंदुए की मौत पर विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 15 नवंबर को क्षेत्रीय कर्मचारियों की गश्ती के दौरान बीट टामापहाड़, सर्किल देवसील, पार्क परिक्षेत्र कमर्जी अंतर्गत एक तेंदुआ की मौत की सूचना मिली. घटना की पुष्टि के बाद क्षेत्रीय कर्मचारियों ने वरिष्ठ अधिकारियों को देर रात सूचना दी गई.

सूचना पर 16 नवंबर को वन संरक्षक वन्यप्राणी सरगुजा वन वृत्त, अम्बिकापुर, गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान संचालक, पशु चिकित्सकों की टीम, गोमर्डा अभ्यारण्य का डॉग स्क्वायड और क्षेत्रीय कर्मचारी घटना स्थल पर पहुंचे. घटना स्थल के आस-पास के क्षेत्र में पतासाजी के बाद विभागीय अधिकारी – कर्मचारी और ग्रामीणों की मौजूदगी में तीन सदस्यीय पशु चिकित्सक दल ने शव विच्छेदन किया.

परीक्षण के दौरान मृत तेंदुए की खाल, नाखून, दांत एवं सभी अंग सुरक्षित पाए गए. मृत तेंदुए के आवश्यक अंग अवशेषों को प्रयोगशाला परीक्षण के लिए सुरक्षित रखने के बाद नियमानुसार शव का दाह संस्कार किया गया. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही तेंदुए की मौत के संभावित कारणों के विषय में जानकारी प्राप्त होगी.

## जेजेएम अंतर्गत लोगों को दिया जा रहा पानी की गुणवत्ता जांच का प्रशिक्षण

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**




सारंगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत नौरंगपुर में जल जीवन मिशन (जेजेएम) के अंतर्गत फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल वाहिनियों को जल के परीक्षण की जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया गया। ब्लॉक के हर गांव से पांच महिलाओं को जल पीने लायक है या नहीं और इसकी गुणवत्ता को परीक्षण का समझाया गया।

फील्ड टेस्ट किट, पानी की गुणवत्ता जांचने के लिए इस्तेमाल की जाती है। भारत सरकार के जल जीवन मिशन योजना के तहत, महिलाओं को पानी की शुद्धता एवं गुणवत्ता जांचने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। इस प्रशिक्षण के दौरान महिलाऐ खुद ही पानी की गुणवत्ता जांच कर सकती है। शुद्ध जल ही हमें स्वस्थ रखता है और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए शुद्ध जल की बहुत आवश्यकता होती है। वहीं हमारे जीवन में जल की काफी अहम भूमिका होती है। एफ.टी.के. किट के अंदर कुल आठ पैरामीटर्स होते है। इनके आधार पर ही जल की गुणवत्ता की जांच की जाती है जो कि क्रमशः फ्री रेसिडुअल टेस्ट, पी.एच. टेस्ट, टर्बिडिटी टेस्ट, हार्डनेस टेस्ट, आयरन टेस्ट, फ्लोराइड टेस्ट, नाईट्रेट टेस्ट तथा टी.डी.सी. होते है। जल जीवन मिशन के दूसरे चरण में जल की गुणवत्ता को मापने के लिए प्रत्येक राजस्व ग्राम में गठित महिला समिति को एक-एक फिल्ड टेस्ट किट उपलब्ध कराई जायेगी, जिसके माध्यम से महिलाऐं अपने गांव में पेय जल की गुणवत्ता माप कर उत्सकी रिपोर्ट जे.जे.एम. पोर्टल पर अपलोड कर सकेगें।

### जल जीवन मिशन योजना

## नूनपानी के 125 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन से मिल रहा साफ पानी

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



जिला जल एवं स्वच्छता मिशन सारंगढ़-बिलाईगढ़ द्वारा जल जीवन मिशन योजना (जेजेएम) के अंतर्गत बरमकेला विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बैगिनडीह के ग्राम नूनपानी के 125 परिवारों को क्रियाशील घरेलु नल कनेक्शन (एफएचटीसी) दिया गया। यह गांव जिला मुख्यालय से लगभग 40 किमी की दूरी पर स्थित है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के कर्मचारियों द्वारा ग्राम नूनपानी का निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि जल जीवन मिशन योजना सुचारू रूप से कार्य कर रही है। जल जीवन मिशन योजना के पूर्व यहाँ ग्रामीण पीने के पानी के लिए कुएँ और हैंडपम्प पर आश्रित थे। दैनिक रुप से पानी भरने गांव की महिलाओं का काफी समय लग जाया करता था। गर्मी में पानी का स्तर नीचे जाने से पानी की उपलब्धता हैण्डपम्प के माध्यम से कम हो जाती थी। बारिशों में गांव में जल जनित बीमारियों की वजह से ग्रामीण काफी बीमार रहते थे। जल जीवन मिशन के तहत एक साल से ग्रामीणों के घरों में अब योजना से पानी मिल रहा हैं और जल जनित बीमारियां पहले से काफी कम है और ग्रामीण साफ पानी पीने से स्वस्थ हैं।

नल जल कनेक्शन से आंगनबाड़ी केन्द्र और सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को भी मध्यान्ह भोजन के लिए पीने का साफ पानी मिल रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि जल जीवन मिशन के आने के बाद अब पानी को जाँच कर उपयोग में लाया जा रहा है, जिससे जल जनित बीमारियों में काफी कमी आयी है। हर घर पानी आने से ग्रामीणों ने, खासकर महिलाओं ने खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और कलेक्टर धर्मेश साहू को धन्यवाद दिया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छतीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU